# द्वारपालों ना रोको मेरा रास्ता भजन लिरिक्स

द्वारपालों ना रोको मेरा रास्ता,
तुम कन्हैया से मेरे मिला दो मुझे।

दोहा – मेरे आंसुओ से सुन लो,
मेरे दर्द की कहानी,
मेरे पास सांवरे की,
बस है यही निशानी।
कदमों पे मैं तुम्हारे,
रखता हूँ अपनी पगड़ी,
इतना करम कमा दो,
बड़ी होगी मेहरबानी।

---

द्वारपालों ना रोको मेरा रास्ता,
तुम कन्हैया से मेरे मिला दो मुझे,
है तुम्हे श्याम के नाम का वास्ता,
इक झलक सांवरे की दिखा दो मुझे,
द्वारपालो न रोको मेरा रास्ता।bd।

तर्ज – हाल क्या है दिलों का ना।

---

मैं सुदामा हूँ आया हूँ नंदगाँव से,
मेरी यारी पुरानी है घनश्याम से,
श्याम पहचान लेगा मुझे नाम से,
झूठ बोलूं तो सूली चढ़ा दो मुझे,
है तुम्हे श्याम के नाम का वास्ता,
है तुम्हे श्याम के नाम का वास्ता,
इक झलक सांवरे की दिखा दो मुझे,
द्वारपालो न रोको मेरा रास्ता।bd।

---

देखकर मित्र का हाल रोने लगे,
पग सुदामा के असुवन से धोने लगे,
धीर बांके बिहारी जी खोने लगे,
बोले क्या चाहिए बस बता दो मुझे,
है तुम्हे श्याम के नाम का वास्ता,
अपने पैरो के छाले दिखा दो मुझे,
द्वारपालो न रोको मेरा रास्ता,
इक झलक सांवरे की दिखा दो मुझे,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

द्वारपालो न रोको मेरा रास्ता।bd।

यार से क्या सुदामा छुपाते हो तुम,
पोटली क्यूँ ना अपनी दिखाते हो तुम,
छोड़कर मुझको भूखा क्यों जाते हो तुम,
मेरे हिस्से के चावल खिला दो मुझे,
है तुम्हे श्याम के नाम का वास्ता,
भोग हाथो से अपने लगा दो मुझे,
द्वारपालो न रोको मेरा रास्ता,
इक झलक सांवरे की दिखा दो मुझे,
द्वारपालो न रोको मेरा रास्ता।bd।

खा के चावल कन्हैया प्रसन्न हो गए,
यार पे प्यार आया मगन हो गए,
बोले सोने के तेरे भवन हो गए,
देर के वास्ते कर क्षमा दो मुझे,
है तुम्हे श्याम के नाम का वास्ता,
और क्या चाहिए बस बता दो मुझे,
द्वारपालो न रोको मेरा रास्ता,
इक झलक सांवरे की दिखा दो मुझे,
द्वारपालो न रोको मेरा रास्ता।bd।

द्वारपालों ना रोको मेरा रास्ता,
तुम कन्हैया से मेरे मिला दो मुझे,
है तुम्हे श्याम के नाम का वास्ता,
इक झलक सांवरे की दिखा दो मुझे,
द्वारपालो न रोको मेरा रास्ता।bd।

**Singer – Lalit Sharma**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com